# भारतीय स्टेट बैंक

## केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग
## केन्द्रीय कार्यालय, मुम्बई

### भारतीय स्टेट बैंक में
### कनिष्ठ सहयोगियों (ग्राहक सहायता एवम् विक्रय) की भर्ती
### [ CRPD/CR/2023-24/27 ]

# मुख्य परीक्षा के लिए
# "स्वयं जानकारी पुस्तिका"

## प्रस्तावना

यह पुस्तिका आपको भारतीय स्टेट बैंक में कनिष्ठ सहयोगियों (ग्राहक सहायता एवम् विक्रय) की भर्ती के अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षा की विस्तृत जानकारी देती है । इस पद पर का विज्ञापन एम्पलायमेंट न्यूज/रोजगार समाचार के 02.12.2023 के अंक में एंव बैंक के वेबसाइट https://bank.sbi/careers/current-openings एवं https://www.sbi.co.in/careers/current-openings में दिया गया था । विज्ञापन सं. CRPD/CR/2023-24/27 में निबंधन और शर्तें, परिवीक्षा की अवधि, परिलब्धियाँ आदि सूचित की जा चुकी हैं। आपको, यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि विज्ञापन में निर्धारित आयु, शैक्षणिक योग्यता, राष्ट्रीयता के अनुसार आपकी पात्रता है।

इस पुस्तिका में आप द्वारा दी जाने वाली ऑनलाइन परीक्षा के विभिन्न पहलुओं का विवरण दिया गया है, साथ ही यह भी बताया गया है कि परीक्षा में आपको किस प्रकार की प्रश्नावलियां दी जाएंगी । **वस्तुनिष्ठ परीक्षा के उत्तरों की जांच ऑनलाइन की जाएगी ।** आपको सलाह दी जाती है कि इस पुस्तिका को ध्यानपूर्वक पढ़ें क्योंकि यह आपको परीक्षा की तैयारी करने के लिए सहायता करेगी ।

## सामान्य अनुदेश

1. **नोट करने योग्य बातें :** बुलावा पत्र पर दिया गया आपका परीक्षार्थी क्रमांक, परीक्षा की तिथि, समय तथा परीक्षा केद्र को कृपया ध्यानपूर्वक नोट कर लें ।

2. **उपस्थिति में समय की पाबंदी :** बुलावा पत्र में दिये गये निर्धारित समय पर उम्मीद्वारों को परीक्षा कक्ष में उपस्थित होना चाहिए । देर से आनेवाले उम्मीदवारों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

3. **बुलावा पत्र :** कृपया परीक्षा केद्र पर अपना बुलावा-पत्र, जिस पर पासपोर्ट आकार के आपके **नवीनतम** फोटो की एक प्रति निर्धारित स्थान पर अच्छे प्रकार से चिपकी हुई होनी चाहिए, फोटो पहचान के लिए प्रमाण पत्र मूल रूप में और साथ में फोटोकापी सहित अपने साथ अवश्य लायें। बुलावा पत्र और फोटो पहचान के प्रमाण की कॉपी, जो प्रारंभिक परीक्षा के समय परीक्षा अधिकारी द्वारा अधिप्रमाणित/ स्टाम्प किया गया था, वह भी लाना होगा। **फोटो पहचान के लिए प्रमाण पत्र मूल रूप में और साथ में फोटोकापी ना लाने, बुलावा पत्र ना लाने, ऑनलाइन मुख्य परीक्षा के बुलावा पत्र पर आपकी फोटो ना लगाने, प्रारंभिक परीक्षा के समय अधिकारी द्वारा अधिप्रमाणित/स्टाम्प किए गए बुलावा पत्र और फोटो पहचान प्रमाण की कॉपी ना लाने की स्थिति में आपको परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जायेगी ।** बुलावा-पत्र पर परीक्षार्थी के हस्ताक्षर के लिये दिए हुए स्थान पर आपको अपने हस्ताक्षर पर्यवेक्षक के समक्ष करने होंगे । बुलावा पत्र लेते समय पर्यवेक्षक उस पर आपके बाएं अंगूठे का निशान लेगा । परीक्षा केंद्र में पर्यवेक्षक जब परीक्षार्थियों से बुलावा पत्र इकट्ठा करता है तब अपने दोनों बुलावा पत्र, फोटो पहचान के लिए प्रमाणपत्र की फोटोकापी और रफ शीट उसे सौंप दे। **CAPITAL LETTERS में हस्ताक्षर स्वीकार नहीं होंगे।**

4. **अभ्यर्थी जो स्क्राइब की सेवाओं के लिए पात्र हैं और उसका उपयोग करना चाहते हैं, उन्हें बुलावा पत्र के साथ एक घोषणा फॉर्म (स्क्राइब घोषणा फॉर्म) जमा करना होगा। निदेश एवं स्क्राइब घोषणा पत्र बैंक वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।**

5. **दिनांक 10.08.2022 के OM - F. No. 29-6/2019-DD-III के अनुसार स्क्राइब का लाभ लेने वाले उम्मीदवारों को स्क्राइब सुविधा की अनुमति ऑनलाइन परीक्षा के समय, उक्त दिशानिर्देशों के परिशिष्ट** I और **परिशिष्ट** II **के अनुसार किसी सरकारी चिकित्सा संस्थान के सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी से इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर दी जाएगी कि संबंधित व्यक्ति के पास लिखने की सीमित क्षमता है और वह स्क्राइब उसकी ओर से परीक्षा लिखने हेतु आवश्यक है। ऐसे उम्मीदवारों को उक्त दिशानिर्देशों के परिशिष्ट I के अनुसार निर्दिष्ट चिकित्सा प्रमाण पत्र के बिना परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

6. **अनुदेशों का पालन करना :** जिस परीक्षा के लिये आपको बुलाया गया है उसकी सभी अवस्थाओं में आपको परीक्षा-प्रशासकों ओर पर्यवेक्षकों द्वारा दी गई हिदायतों का ठीक ठीक पालन करना होगा । यदि आप हिदायतों का उल्लघंन करेंगे तो आपको अयोग्य ठहराया जायेगा और आपको परीक्षा केद्र से बाहर जाने के लिये भी कहा जा सकता है ।

7. **पुस्तकें, पर्चियाँ, गणक मशीन एवं सेल फोन का उपयोग :** अलग से या घडी के साथ बनी गणक मशीन, स्मार्ट वॉच, सेलफोन, पुस्तकें, स्लाईड रूलर्स, नोटबुक या लिखी हुई पर्चियों को परीक्षा भवन के अंदर ले जाने की अनुमति **नहीं** दी जाएगी ।

8. जब तक आपको अनुमति न मिले तब तक अपनी सीट मत छोड़िये ।

9. **लेखन सामग्री का प्रयोग :** आप अपने साथ पेंसिलें, बाल पॉइंट पेन, रबड़, नीला स्याही का इंक स्टाम्प पैड जैसी लेखन सामग्री अवश्य लाएं ।

10. कच्चा कार्य पुस्तिका पर करना : आप सभी आवश्यक कच्चा कार्य दिए गए कागज पर ही करें। आपके द्वारा उपयोग की जाने वाली प्रत्येक रफ शीट पर आपको अपना रोल नंबर, पंजीकरण संख्या, नाम और परीक्षा की तारीख लिखनी होगी। **परीक्षा के संपन्न होने के बाद आपको चाहिए कि कच्चे काम के लिए दिया गया कागज पर्यवेक्षक को सौंप दें। यदि कोई उम्मीदवार** इस सामग्री को वापस नहीं करता है अथवा प्रश्न या उत्तर कमरे के अन्दर अथवा बाहर ले जाने अथवा देने का प्रयत्न करता हुआ पाया जाता है तो उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और बैंक अपने नियमों के अनुसार उसके विरुद्ध आगे कार्यवाही कर सकता है।

**11. आप द्वारा वस्तुनिष्ठ प्रश्नावलियों में गलत उत्तर देने पर दंड स्वरूप अंकों में कटौती की जाएगी ।** सभी प्रश्नावली में पूछे जाने वाले प्रत्येक प्रश्न के पांच वैकल्पिक उत्तर दिए जाते हैं। ऐसे किसी भी प्रश्न के निर्धारित अंकों में से, जिसका आपने गलत उत्तर दिया है, दंड के रूप में एक चौथाई अंक काट लिए जायेंगे । अगर कोई प्रश्न खाली छोड़ दिया जाता है, अर्थात आप उसका उत्तर नहीं देते हैं तो उस प्रश्न के लिये अंकों में कोई भी कटौती नहीं की जायेगी । अगर किसी प्रश्नावली में कटौती किये गये अंक अंशों में होंगे तो उन्हे निकटतम पूर्णांकों में बदल दिया जाएगा। **अतः उत्तर देते समय आपको अत्यंत सावधान रहना चाहिए ।**

**12. नकल करना/कदाचार/अनुचित व्यवहार :** यदि उम्मीदवार निम्नलिखित कार्यों में लिप्त पाये गये ----

i) नकल करते हुए या नकल करने देते हुए;

ii) परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का उपयोग करते हुए;

iii) छद्म रूप धारण करते हुए या किसी व्यक्ति द्वारा छद्म रूप धारण करवा कर प्रस्तुत कराते हुए;

iv) परीक्षा केन्द्र पर दुर्व्यवहार करते हुए;

v) परीक्षा की सामग्री या उसकी किसी अन्य जानकारी, पूर्णतया या अंशतः को प्रकट करना, प्रकाशित करना, पुनः प्रस्तुत करना, ट्रांसमिट करना, स्टोर करना या उसके ट्रांसमिशन और स्टोरेज को सुगम बनाना या परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज-पत्र को ले जाना या परीक्षा सामग्री पर अनधिकृत कब्जा करना ।

vi) अन्य किसी अनियमित या अनुचित साधनों का आश्रय लेते हुए;

vii) अन्य किसी रूप में अपनी उम्मीदवारी का समर्थन प्राप्त करते हुए ।

तो वह उम्मीदवार आपराधिक अभियोजन के साथ साथ निम्नलिखित का भी पात्र होगा :-

(क) चयन प्रक्रिया के अयोग्य माना जाना

(ख) बैंक द्वारा ली जानेवाली किसी भी परीक्षा या चयन के लिए स्थायी रूप से/किसी अवधि विशेष के लिए रोका जाना ।

उम्मीदवारों को गलत सूचना भरने/प्रस्तुत करने/सूचना में हेरफेर करने/गढ़ने या महत्त्वपूर्ण तथ्य छिपाने के विरुद्ध चेतावनी दी जाती है ।

एकरूपता के पैटर्न का पता लगाने के लिए बैंक उम्मीदवार के प्रत्युत्तरों का परीक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीदवारों के प्रत्युत्तरों के साथ विश्लेषण करेगा। ऐसे विश्लेषण के आधार पर यदि यह पाया जाता है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त **अंक** वास्तविक/वैध नहीं है, तो बैंक उसकी उम्मीदवारी रद्द करने का अधिकार आरक्षित रखता है।

**13. लैब/केंद्र छोड़ने से पहले अभ्यर्थियों को निम्न दस्तावेज जमा करने होंगे:**

- **बुलावा पत्र (प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा)**
- **फोटो पहचान पत्र की फोटोकॉपी**
- **रफ शीट**
- **स्क्राइब घोषणा (अगर लागू हो)**

**14. यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा : परीक्षा के संबंध में कोई यात्रा भत्ता या अन्य खर्च नहीं दिए जाएंगे । कृपया यह भी नोट कर लें कि बुलावा पत्र भारतीय स्टेट बैंक द्वारा नौकरी का प्रस्ताव नहीं है ।**

15. परीक्षा के संचालन में किसी समस्या की संभावना से पूरी तरह इनकार नहीं किया जा सकता है जिसकी वजह से रिजल्ट को जनरेट करना और/या सुपुर्द करना प्रभावित हो सकता है । इस वारदात के बाद पूरा प्रयास किया जाएगा कि समस्या का समाधान हो जाए जिसमें यदि आवश्यक हुआ तो उम्मीदवारों को एक स्थान/लैब/कंप्यूटर (नोड) से दूसरे पर ले जाना और पुनः परीक्षा लेना शामिल होगा ।

16. निम्न वस्तुएं परीक्षा कक्ष (लॅब) के भीतर अनुमत नहीं होंगीं :

कोई भी स्टेशनरी आइटम जैसे पाठ्य सामग्री (मुद्रीत या लिखित), कागज के टुकड़े ज्यामेट्री/पेंसिल बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, कैलकुलेटर, स्केल, राइटिंग पैड, पेन ड्राइव, लॉग टेबल, इलेक्ट्रॉनिक पेन/स्कैनर। कोई भी संचार उपकरण जैसे मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, ईयरफोन, माइक्रोफोन, पेजर, हेल्थ बैंड आदि। अन्य वस्तुएं जैसे गॉगल्स, हैंडबैग, हेयर-पिन, हेयर-बैंड, बेल्ट, टोपी, कोई भी घड़ी/हाथ-घड़ी, कैमरा, धातु की कोई भी वस्तु, खुली हुई या पैक की गई कोई भी खाद्य सामग्री, पानी की बोतले (केवल पारदर्शी पानी की बोतल लानी चाहिए)। ऐसी कोई भी अन्य वस्तु, जिसका इस्तेमाल मोबाइल फोन, कैमरा, ब्यूटूथ उपकरणों आदि जैसे संचार उपकरणों को छिपाने के लिए अनुचित साधनों हेतु किया जा सके।

आपको आभूषण जैसे अंगूठी, बालियां, नोज़-पिन, चेन/नेकलेस, पेंडेंट, बैज, ब्रोच आदि न पहनने की सलाह दी जाती है।

**परीक्षा स्थल पर, अभ्यर्थी का पंजीकरण फोटो और IRIS स्कैन लेकर किया जाएगा) VI अभ्यर्थियों के दाएं अंगूठे का बायोमैट्रिक कैप्चर किया जाएगा)। ली गई फोटो आवेदन (बुलावा पत्र में यथा मुद्रित) में आपके द्वारा अपलोड की गई फोटो से मिलायी जाएगी।**

**IRIS स्कैन**

परीक्षा स्थल पर IRIS स्कैन किया जाएगा। किसी भी अवसर पर IRIS स्कैनिंग की प्रक्रिया में भाग लेने से मना करने पर उम्मीदवारी रद्द हो सकती है। इस संबंध में कृपया निम्नलिखित को नोट करें :

(a) सभी अभ्यर्थियों की 'बाईं आँख (IRIS)' कैप्चर की जाएगी।

(b) IRIS की कैप्चरिंग के समय अभ्यर्थी को कांटैक्ट लेंस तथा चश्मा हटाना होगा। अभ्यर्थीयों को चाहिए कि वे कांटैक्ट लेंस पहनने से बचें तथा वरीयतः चश्मा पहनें।

**VI अभ्यर्थियों** के दाएं अंगूठे का बायोमैट्रिक कैप्चर किया जाएगा। यदि उंगलियों पर कोई परत हो (स्याही/मेहंदी/रंग आदि लगी हुई हो) तो उन्हें धोना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा की तिथि से पहले उन पर लगी परत उतर जाए। (इन बिन्दुओं में से किसी का भी पालन न करने पर परीक्षा में शामिल होने से वंचित रखा जाएगा।)

परीक्षार्थियों को व्यवस्थित ढंग से अर्थात एक बार में एक परीक्षार्थी को बाहर निकलने की अनुमति दी जाएगी। कृपया परीक्षा निरीक्षक से अनुदेश की प्रतीक्षा करें और जब तक सूचित न किया जाए, अपनी सीट से न छोड़े।

## चरण - II : मुख्य परीक्षा

मुख्य परीक्षा की संरचना (ऑनलाइन वस्तुनिष्ठ) निम्नवत होगी :

| क्र. सं. | प्रश्नावली का नाम | परीक्षा का माध्यम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सामान्य / वित्तीय जानकारी | * | 50 | 50 | 35 मिनट |
| 2. | साधारण अंग्रेजी | अंग्रेजी | 40 | 40 | 35 मिनट |
| 3. | परिमाणात्मक अभिक्षमता | * | 50 | 50 | 45 मिनट |
| 4. | तर्कबुद्धि एवं कंप्यूटर अभिक्षमता | * | 50 | 60 | 45 मिनट |
| | **कुल** | | **190** | **200** | **2 घंटे 40 मिनट** |

प्रत्येक परीक्षा के लिए अलग-अलग समय रहेगा जैसा ऊपर उल्लेख किया गया है ।

*** आवेदन किए गए राज्य के अनुसार परीक्षा के माध्यम की सूची:**

| **क्र. सं.** | **राज्य के नाम** | **भाषावार सूची (परीक्षा का माध्यम)** |
|---|---|---|
| 1 | अंदमान और निकोबार | अंग्रेजी, हिन्दी |
| 2 | आंध्र प्रदेश | अंग्रेजी, हिन्दी, तेलगु, उर्दू |
| 3 | अरूणाचल प्रदेश | अंग्रेजी, हिन्दी |
| 4 | असम | अंग्रेजी, हिन्दी, असामी, बंगाली |
| 5 | बिहार | अंग्रेजी, हिन्दी |
| 6 | छत्तीसगढ़ | अंग्रेजी, हिन्दी |
| 7 | दिल्ली | अंग्रेजी, हिन्दी |
| 8 | गुजरात | अंग्रेजी, हिन्दी, गुजराती |
| 9 | हरियाणा | अंग्रेजी, हिन्दी, पंजाबी |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | अंग्रेजी, हिन्दी |
| 11 | जम्मू एवं कश्मीर | अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू |
| 12 | झारखंड | अंग्रेजी, हिन्दी |
| 13 | कर्नाटक | अंग्रेजी, हिन्दी, कन्नड |
| 14 | केरल | अंग्रेजी, हिन्दी, मलयालम |
| 15 | लद्दाख | अंग्रेजी, हिन्दी,उर्दू |
| 16 | लक्षद्वीप | अंग्रेजी, हिन्दी, मलयालम |
| 17 | मध्य प्रदेश | अंग्रेजी, हिन्दी |
| 18 | महाराष्ट्र | अंग्रेजी, हिन्दी, मराठी |
| 19 | मणिपुर | अंग्रेजी, हिन्दी, मणिपुरी |
| 20 | मेघालय | अंग्रेजी, हिन्दी |
| 21 | मिज़ोरम | अंग्रेजी, हिन्दी |
| 22 | नागालैंड | अंग्रेजी, हिन्दी |
| 23 | ओडिशा | अंग्रेजी, हिन्दी, ओडिया |
| 24 | पाँडिचेरी | अंग्रेजी, हिन्दी, तमिल |
| 25 | पंजाब | अंग्रेजी, हिन्दी, पंजाबी |
| 26 | राजस्थान | अंग्रेजी, हिन्दी |
| 27 | सिक्किम | अंग्रेजी, हिन्दी |
| 28 | तमिलनाडू | अंग्रेजी, हिन्दी, तमिल |
| 29 | तेलंगाना | अंग्रेजी, हिन्दी, तेलगु, उर्दू |
| 30 | त्रिपुरा | अंग्रेजी, हिन्दी, बंगाली |
| 31 | उत्तर प्रदेश | अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू |
| 32 | उत्तराखंड | अंग्रेजी, हिन्दी |
| 33 | पश्चिम बंगाल | अंग्रेजी, हिन्दी, बंगाली |

प्रत्येक गलत उत्तर के लिए उस प्रश्न के लिए निर्धारित अंक का 1/4 काटा जायेगा ।

उम्मीदवारों को कुल अंकों के न्यूनतम प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक हैं (एससी/एसटी/ओबीसी/पीडब्ल्यूबीडी/इएसएम/डीइएसएम) उम्मीदवारों के लिए, उसमें 5% छूट उपलब्ध हैं) । कुल अंकों का न्यूनतम प्रतिशत अंक बैंक द्वारा तय किया जाएगा । प्रत्येक विषय के लिए न्यूनतम पात्रता अंक निर्धारित नहीं किए गए हैं । मेरिट लिस्ट को राज्यवार, श्रेणीवार तैयार किया जाएगा । परीक्षा में पात्र उम्मीदवार को (मुख्य परीक्षा) संबंधित राज्यों और श्रेणियों में अवरोही क्रम में अपने कुल अंकों के अनुसार रखा जाएगा ।

**निर्दिष्ट चुनी गयी स्थानीय भाषा की परीक्षा :**

जो उम्मीदवार चयन के लिए पात्र होते हैं और 10वीं या 12वीं की अंक तालिका/प्रमाणपत्र प्रस्तुत करते हैं, जिसमें स्पष्ट रूप से चयनित स्थानीय भाषा के अध्ययन का प्रमाण उपलब्ध हो, उन्हें भाषा की कोई परीक्षा नहीं देनी होगी । अन्य के मामले में (चयन के लिए पात्रता

प्राप्त), अस्थायी चयन के बाद निर्दिष्ट चयनित स्थानीय भाषा परीक्षा का आयोजन किया जाएगा जो बैंक की सेवा में आने से पहले होगी निर्दिष्ट चयनित स्थानीय भाषा में प्रवीण नहीं पाए जाने वाले उम्मीदवार को अयोग्य माना जाएगा।

**अनंतिम चयन (निर्दिष्ट चयनित स्थानीय भाषा की पात्रता के अध्याधीन)**

प्रारंभिक परीक्षा (चरण-I) में प्राप्त अंकों को चयन के लिए नहीं जोड़ा जाएगा और मुख्य परीक्षा (चरण-II) में प्राप्त कुल अंक केवल अंतिम मेरिट सूची तैयार करने के लिए माना जाएगा । अस्थायी चयन परीक्षा में उम्मीदवार के प्रदर्शन (मुख्य परीक्षा) के आधार पर किया जाएगा ।

अंतिम चयन निम्नलिखित के अधीन होगा :

(I) पद के लिए पात्रता और ऑनलाइन आवेदन में प्रस्तुत की गई सूचना का सत्यापन ।

(II) निर्दिष्ट चयन स्थानीय भाषा की परीक्षा में पात्रता, जहाँ लागू हो, जैसा ऊपर वर्णित है ।

उम्मीदवारों के परिणाम जो चयन के लिए अस्थायी रूप से पात्र हैं, बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध कराएं जाएंगे ।

**प्रतीक्षा सूची :**

रिक्त-पदों के 50% तक एक प्रतीक्षा सूची (राज्य-श्रेणी वार) बनाकर रखी जाएगी । केवल इस बैच के किसी चयनित उम्मीदवार के कार्य-ग्रहण न करने और त्यागपत्र देने पर इस प्रतीक्षा सूची से तिमाही आधार पर प्रतीक्षा सूची में रखे गए उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र जारी किए जाएंगे परंतु यह नियुक्ति-पत्र केवल उन्हीं उम्मीदवारों को जारी किए जाएंगे जिन्होंने चयन के लिए बैंक द्वारा निर्धारित न्यूनतम पात्रता अंक प्राप्त किए हैं । यह प्रतीक्षा सूची अंतिम परिणाम घोषित करने की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए वैध रहेगी ।

## मुख्य परीक्षा के लिए नमूना प्रश्न

नीचे कुछ नमूने के प्रश्न दिए गए हैं जो प्रत्येक प्रश्नावली में से चुने गये हैं । ये प्रश्न केवल उदाहरण के लिये हैं, व्यापक नहीं । अतः वास्तविक परीक्षा में आपको इनमें से कुछ या सभी प्रकार के प्रश्न मिल सकते हैं या वे भी मिल सकते हैं जिनका उदाहरण यहाँ नहीं दिया गया है ।

## सामान्य वित्तीय जानकारी

यह प्रश्नावली समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अतीत और वर्तमान व्यक्तियों और घटनाओं के प्रति आपकी जागरूकता का पता लगाने के लिये है ।

**प्र.1.** काले धन को सफेद (वैध) करने (money laundering) के जोखिम का सामना करने के लिए निम्नलिखित में से किस वित्तीय संस्थान ने **अपने ग्राहक को जानों** (Know Your Customer) योजना शुरू की है ?
(1) आईडीबीआई (IDBI) (2) भा.रि.बैं. (3) नाबार्ड (4) सिडबी (SIDBI) (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** भारत में निम्नलिखित में से किस क्षेत्र ने, राज्यों की आय की वृद्धि तय करने में, अधिकतम योगदान दिया है ?
(1) ऊर्जा (2) पर्यटन (3) सेवा (4) परिवहन (5) कृषि

**प्र.3.** निम्नलिखित में से वह कौन सा राज्य है जिसमें गरीबी रेखा के नीचे रहनेवाले लोगों की संख्या अधिकतम हैं ?
(1) बिहार (2) आंध्र प्रदेश (3) उत्तर प्रदेश (4) राजस्थान (5) उड़िसा

**प्र.4.** निम्नलिखित में से कौनसा व्यक्ति ऑपरेशन फ्लड कार्यक्रम से नजदिकता से जुड़ा है और पदम विभूषण से सन्मानित किया गया है?
(1) डा. वी. कुरीयन (2) डा. एम. एस. स्वामीनाथन (3) डा. अमर्त्य सेन
(4) डा. मनमोहन सिंह (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

## साधारण अंगेजी

इस प्रश्नावली का प्रयोजन आपके अंग्रेजी भाषा ज्ञान की परीक्षा करना है । व्याकरण, शब्दावली, वाक्य पूर्ण करना, समानार्थी, विलोमार्थी, अनुच्छेद की बोधगम्यता आदि प्रश्नों से आपके अंग्रेजी भाषा संबंधी ज्ञान की परीक्षा की जाएगी। नीचे कुछ नमूने के प्रश्न प्रस्तुत हैं, उनका अध्ययन करें और उत्तर दें ।

**निर्देश :** निम्नलिखित वाक्यों को सार्थक ढंग से पूर्ण करने के लिए वाक्यों के नीचे दिये गये शब्दों में से उपयुक्त शब्द का चयन करें ।

**प्र.5.** He quickly glanced ............................. the book to find what it said about the Indian economy.
(1) at (2) through (3) in (4) to (5) over

इसका ठीक उत्तर “through” है जिसकी विकल्प संख्या ‘2’ है ।

**प्र.6.** The counsel urged the court to .......................... down the obnoxious law.
(1) enact (2) enforce (3) cancel (4) strike (5) declare

**प्र.7.** The local official .......................... the Minister of the situation.
(1) explained (2) warned (3) apprised (4) told (5) intimated

**निर्देश :** कृपया प्रत्येक वाक्य पढ़कर यह पता करें कि क्या उसमें कोई व्याकरण संबंधी गलती है ? यदि कोई गलती हो तो वह वाक्य के किसी एक भाग में होगी । उस भाग का क्रमांक ही आपका उत्तर है । यदि वाक्य में कोई गलती नहीं है तो उत्तर (5) है ।

**प्र.8.** I am twenty (1) / two years old (2) / when I first (3) / joined the bank. (4) No error (5)

गलती (1) में है । अतः उत्तर '1' है ।

**प्र.9.** To the Hindus (1) / the Ganga is (2) / holier than (3) / any other river. (4) No error (5)

इस प्रश्न में कोई गलती नहीं है । अतः इस प्रश्न का ठीक उत्तर '5' है ।

**प्र.10.** Of all the teachers (1) / in our school (2) / our class teacher (3) / were very strict. (4) No error (5)

**निर्देश :** प्रत्येक प्रश्न में दिये गये पाँच विकल्पों में से ऐसा शब्द चुनें जो अर्थ की दृष्टि से बड़े अक्षरों में लिखे गये शब्द के अर्थ के समीप हो।

**प्र.11.** LETHAL
(1) light (2) dangerous (3) deadly (4) cruel (5) thoughtless

**प्र.12.** CENTENARY
(1) a guard (2) a hundred years (3) a very old man
(4) hundred runs (5) hundredth anniversary

**प्र.13.** TRIUMPH
(1) conquer (2) smash (3) earn (4) brave (5) capture

**निर्देश :** प्रत्येक प्रश्न में दिये गये पाँच विकल्पों में से ऐसा शब्द चुनें जो अर्थ की दृष्टि से बड़े अक्षरों में लिखे गये शब्द का विपरीतार्थी हो ।

**प्र.14.** LIVELY
(1) simple (2) weak (3) dull (4) angry (5) moron

**प्र.15.** INADVERTENT
(1) adequate (2) available (3) sluggish (4) negligent (5) intentional

**प्र.16.** INEPT
(1) accurate (2) skilful (3) sensible (4) artistic (5) apt

इसके अतिरिक्त आपकी अनुच्छेद की बोधगम्यता की परीक्षा के लिए अनुच्छेद पर आधारित प्रश्न होंगे ।

## परिमाणात्मक अभिक्षमता

यह प्रश्नावली संख्यात्मक गणनाओं, जैसे संगणन, संख्यात्मक तर्कसंगतता, सारणियों एवं आलेखों से निष्कर्ष निकालना आदि में आपकी गति एवं शुद्धता की जाँच के लिये है ।

**प्र.17-19.** निम्नलिखित सारणी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**एक चयन परीक्षा में लिखित परीक्षा में 300 में से और साक्षात्कार में 100 में से उम्मीदवारों के प्राप्तांकों के अनुसार 1000 उम्मीदवारों का वर्गीकरण**

| लिखित परीक्षा अंक | साक्षात्कार के अंक | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30 से कम | 30-39 | 40-49 | 50-59 | 60-69 | 70 और अधिक |
| 260 और अधिक | 8 | 18 | 26 | 18 | 26 | 4 |
| 210 से 259 | 5 | 4 | 30 | 22 | 10 | 9 |
| 160 से 209 | 16 | 10 | 45 | 56 | 18 | 9 |
| 110 से 159 | 28 | 42 | 100 | 190 | 15 | 5 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 60 से 109 | **35** | **115** | **20** | **8** | **7** | **5** |
| 60 से कम | **32** | **32** | **20** | **4** | **6** | **2** |

**प्र.17.** कितने उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा और साक्षात्कार दोनों में 69 प्रतिशत और अधिक अंक मिले हैं ?

(1) 22 (2) 49 (3) 13 (4) 9 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.18.** लगभग 325 उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण करना है तो उत्तीर्ण होने के लिए कितने प्रतिशत अंक होने चाहिए ?

(1) 20 से अधिक (2) 70 से अधिक (3) 36 से अधिक
(4) 63 से अधिक (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.19.** लगभग 42 प्रतिशत उम्मीदवार साक्षात्कार के अंकों की निम्नलिखित में से किस श्रेणी में आते हैं ?

(1) 110-159 (2) 110 और कम (3) 50 से 70
(4) 50 और अधिक (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

कुछ प्रश्नों में अंकगणितीय तर्कशक्ति आवश्यक होगी । जैसे :

**प्र.20.** 10 पैसे प्रति नींबू के भाव से 6 नींबूओं की कीमत कितने पैसे होगी ?

(1) 6 (2) 10 (3) 60 (4) 610 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.21.** निम्नलिखित में से कौनसा अंक 4 का सटीक गुणक है ?

(1) 27114 (2) 58204 (3) 48402 (4) 32286 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.22.** यदि 10 रुपये में एक पैन बेचने पर लाभ उसकी लागत के बराबर है, तो पैन का मूल्य क्या है ?

(1) 3/- रु. (2) 5/- रु. (3) 10/- रु. (4) 20/- रु. (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

इसके अतिरिक्त आलेखों और सारणियों पर भी कुछ प्रश्न पूछे जा सकते हैं ।

**प्र.23-25.** **निर्देश :** नीचे सारणी में कुल 700 में से कर्मचारियों का प्रतिशत दर्शाया गया है जो 6 विशेषताओं को दी गयी श्रेणियों के आधार पर है जिनसे पदोन्नति में सहायता मिलती है । श्रेणी I सबसे अधिक है। सारणी का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिये तथा उसके नीचे दिए प्रश्नों का उत्तर दें:

| **विशेषता** | **विभिन्न श्रेणियां देने वाले कर्मचारियों का प्रतिशत** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **I** | **II** | **III** | **IV** | **V** | **VI** |
| वरिष्ठता | 32 | 17 | 22 | 19 | 5 | 5 |
| अध्यवसाय | 14 | 19 | 17 | 9 | 27 | 14 |
| कार्य क्षमता | 15 | 19 | 21 | 14 | 14 | 17 |
| बुद्धिमत्ता | 10 | 14 | 10 | 14 | 17 | 35 |
| ईमानदारी | 24 | 17 | 7 | 9 | 27 | 16 |
| सामाजिकता | 5 | 14 | 23 | 35 | 10 | 13 |

**प्र.23.** पदोन्नति के लिए किस विशेषता को सर्वोच्च श्रेणी मिली है ?

(1) अध्यवसाय (2) वरिष्ठता (3) ईमानदारी (4) सामाजिकता (5) कार्य क्षमता

सारणी में श्रेणी I का प्रतिशत देखिये । आप देखेंगे कि वरिष्ठता को अधिकतम प्रतिशत दिया गया है। अतः आपका उत्तर है **वरिष्ठता** जिसका क्रमांक (2) है।

**प्र.24.** कितने कर्मचारियों ने बुद्धिमता को श्रेणी III दी हैं ?

(1) 119 (2) 98 (3) 77 (4) 70 (5) 10

स्तंभ तथा पंक्ति के उस प्रतिछेदन की तरफ देखिये जहाँ पर श्रेणी III के लिये स्तंभ में प्रतिशत दिया है और बुद्धिमत्ता के लिये प्रतिशत पंक्ति में दिया गया है । आप देखेंगे कि 700 कर्मचारियों में से 10 प्रतिशत लोगों ने बुद्धिमत्ता विशेषता को श्रेणी III दी हैं । 700 कर्मचारियों का 10 प्रतिशत 70 है । अतः आपका उत्तर होगा क्रमांक (4) ।

**प्र.25.** पदोन्नति के लिए सबसे कम महत्त्वपूर्ण विशेषता किसे माना गया है ?

(1) ईमानदारी (2) बुद्धिमत्ता (3) अध्यवसाय (4) कार्य क्षमता (5) सामाजिकता

श्रेणी VI के प्रतिशत के संदर्भ में आपको पता चलेगा कि बुद्धिमत्ता को अधिकतम प्रतिशत दिये गये हैं । इसका अर्थ है कि अधिकांश लोग इसे सबसे कम महत्वपूर्ण मानते हैं और इसे अंतिम श्रेणी प्रदान करते हैं । अतः आपका उत्तर (2) है ।

## तर्कबुद्धि एवं कंप्यूटर अभिक्षमता

यह प्रश्नावली यह देखने के लिए है कि आप कितनी अच्छी तरह से सोच सकते हैं और कम्प्यूटर के साथ काम करने की आपकी अभिरूचि/ज्ञान संबंधी निर्णय लेने के लिये भी है । इसमें विभिन्न प्रकार के प्रश्न होंगे । यहाँ नमूना के तौर पर प्रश्न दिये हैं ।

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में पाँच अक्षर समूह या शब्द दिये गये हैं । इनमें से चार अक्षर समूहों या शब्दों में किसी न किसी प्रकार की समानता है जबकि एक भिन्न है । ज्ञात कीजिए कि कौनसा एक भिन्न है ।

**प्र.26.** (1) काला (2) लाल (3) हरा (4) रंग (5) पीला

उक्त पांचों में 'काला', 'लाल', 'हरा' तथा 'पीला' एक समूह बनाते हैं क्योंकि वे सभी रंगों के नाम हैं । रंग किसी रंग का नाम नहीं हैं । अतः उत्तर (4) है ।

अब निम्नलिखित प्रश्न हल करने का प्रयास कीजिए ।

**प्र.27.** (1) BC (2) MN (3) PQ (4) XZ (5) ST

**प्र.28.** (1) आम (2) सेब (3) संतरा (4) अमरूद (5) गुलाब

**निर्देश :** नीचे दिये गये प्रत्येक प्रश्न में एक प्रश्नचिह्न लगा है । उसके नीचे दिये गये पाँच विकल्पों में से केवल कोई एक ही उस तरह के संबंध को प्रकट करता हैं जो कि प्रश्न में : : चिह्न के बायीं ओर वाले दो शब्दों में है । सही उत्तर ज्ञात कीजिये।

**प्र.29.** चरण : मनुष्य : : खुर : ?
(1) पैर (2) कुत्ता (3) घोड़ा (4) लड़का (5) जूता

उक्त उदाहरण में 'चरण' और 'मनुष्य' में जो संबंध है उसी के अनुसार 'खुर' का 'घोड़ा' विकल्प से है, अतः आपका उत्तर (3) है ।

अब निम्नलिखित प्रश्न हल करने का प्रयास कीजिए ।

**प्र.30.** दिन : रात : : दयालु : ?
(1) अंधेरा (2) प्रकाशमान (3) क्रूर (4) उदार (5) कृतज्ञता

**प्र.31.** झोपड़ी : महल : : खरगोश : ?
(1) गड्ढा (2) गाजर (3) हाथी (4) छोटा (5) चूहा

अब निम्नलिखित प्रश्न का अध्ययन कीजिए ।

**प्र.32.** TOPS के अक्षरों को पुनर्व्यवस्थित करके यदि O से शुरु होनेवाला कोई सार्थक शब्द बनाया जा सके तो उस शब्द का अंतिम अक्षर आपका उत्तर है। यदि एक से अधिक शब्द बन सकते हों तो उत्तर है M और यदि कोई शब्द न बन सकता हो तो उत्तर है X ।
(1) T (2) P (3) M (4) S (5) X

**प्र.33.** 'कुछ नेता बेईमान होते हैं । सत्यप्रिय नेता है ।' इन दो कथनों से निम्नलिखित में से कौन सा निश्चित निष्कर्ष निकलता है ?
(1) सत्यप्रिय ईमानदार है (2) सत्यप्रिय बेईमान है (3) कुछ नेता ईमानदार होते हैं
(4) नेता सामान्यतः बेईमान होते हैं (5) सत्यप्रिय कभी-कभी बेईमान हो जाते हैं

**प्र.34.** यदि 'A " B' का अर्थ है 'A में B जोड़ें', 'A ' B' का अर्थ है 'A में से B घटायें', 'A # B' का अर्थ है 'A को B से विभाजित करें' और 'A v B' का अर्थ है 'A का B से गुणा करें'; तब निम्नलिखित में से कौनसा दो दिन के विक्रय का औसत है जब $S_1$ और $S_2$ क्रमशः पहले और दूसरे दिन के विक्रय हैं?
(1) ($S_1$ ' $S_2$) # 2 (2) 2 # ($S_1$ " $S_2$) (3) ($S_1$ " $S_2$ # 2)
(4) ($S_1$ v $S_2$) # ($S_1$ " $S_2$) (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.35.** मतदाता के रुप में रजिस्टर्ड अठारह वर्ष से अधिक आयु का प्रत्येक व्यक्ति मतदान कर सकता है । बीस वर्ष पूर्व जन्मा हुआ मधु मतदान कर सकता है या नहीं यह पता लगाने के लिए निम्नलिखित में से और क्या जानकारी आवश्यक है ।

(I) मधु की जन्म तारीख (II) मधु मतदाता के रुप में रजिस्टर्ड है या नहीं.

(1) केवल I (2) केवल II (3) या तो I और II (4) न तो I और नही II (5) I और II दोनों

**प्र.36.** नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में दो कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष I और II दिये गए हैं । आपको दिए गए दोनों कथनों को सत्य समझना है भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से मेल न खाते हों । दोनों निष्कर्षों को पढ़िए और फिर तय किजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौनसा निष्कर्ष तर्कसंगत रुप से इन दोनों कथनों का अनुसरण करता है, चाहे सर्वज्ञात तथ्य कुछ भी हों ।

कथन : सभी मशीन खिड़कीयां है । सभी खिड़कीयां बादल हैं ।

निष्कर्ष : I. सभी मशीन बादल हैं ।

II. सभी बादल मशीन हैं ।

(1) कोई अनुसरण नहीं करता है (2) केवल I अनुसरण करता है (3) I और II दोनों अनुसरण करते हैं

(4) केवल II अनुसरण करता है (5) या तो I या II अनुसरण करता है

**प्र.37-38.** निम्नलिखित प्रश्नों में अंक एवं प्रतीक समूह को दी गई योजना और शर्तों के अनुसार अक्षर कोड देकर कोडबद्ध किया जाता है। आपको उस अक्षर कोड समूह के क्रमांक का पता लगाना है, जो अंक प्रतीक के संयोजन का सही ढंग से निरुपण करता है । उस अक्षर कोड का क्रमांक ही आपका उत्तर होगा । यदि कोई भी अक्षर कोड समूह सही न हो तो उत्तर (5) अर्थात 'इनमें से कोई नहीं' दीजिए ।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अंक/प्रतीक | : | 2 | $ | @ | 7 | 6 | # | 8 |
| अक्षर कोड | : | Q | B | H | L | F | M | T |

**शर्तें :**

1. यदि पहला और अंतिम तत्व एक प्रतीक हो तो दोनों को 'A' कोड दिया जाएगा ।
2. यदि पहला तत्व एक सम अंक है और अंतिम तत्व एक प्रतीक है तो उनके कोड परस्पर बदले जाएँगे ।

**प्र.37**. 67@2#

(1) FLHQM (2) MLHQF (3) MLQHE (4) FLQHM (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.38.** $687#

(1) AFTLA (2) AFTLM (3) BFTLA (4) BFTLM (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

## ऑनलाईन परीक्षा के स्वरूप का विवरण

1. उम्मीदवार को लॉगइन स्क्रीन दिखाई पडेगी। उम्मीदवार को अपने यूजर आइडी और पासवर्ड, जो बुलावा पत्र में दिया गया है, का प्रयोग करते हुए लॉग-इन करना होगा।
2. लॉग इन करने के बाद, उम्मीदवार की प्रोफाइल (नाम, रोल नं., फोटो इत्यादि) प्रदर्शित की जाएगी और उम्मीदवार को **'I confirm'** बटन पर क्लिक करके प्रोफाइल सही है की पुष्टि करनी है ।
3. तत्पश्चात् स्क्रीन पर अनुदेश दिखाई पडेंगे।
4. उम्मीदवार को अनुदेश ध्यान से पढ़ लेने चाहिए और स्क्रीन के बॉटम में दिए गए बॉक्स में 'चेकिंग' (क्लिक) करके इन्हें पढ लिया गया निर्दिष्ट कर देना चाहिए, उसके बाद **'I am ready to begin'** बटन एक्टिवेट होगा।
5. **'I am ready to begin'** बटन पर क्लिक करने के बाद परीक्षा का **वास्तविक समय** आरंभ होगा।
6. ऑनलाइन मुख्य परीक्षा में 190 प्रश्न होंगे और प्रत्येक प्रश्न के 5 विकल्प/पर्याय होंगे।
7. परीक्षाएं अंग्रेजी तथा संबंधित राज्य (जिसके अंतर्गत आवेदन किया है) में लागू भाषा में होंगी। प्रश्न अंग्रेजी व संबंधित राज्य की चयनित भाषा में आएंगे।
8. अंग्रेजी और अनूदित भाषा के बीच कोई विसंगति होने पर अनूदित भाषा को संदर्भ माना जाएगा और अंग्रेजी भाषा को वरीयता दी जाएगी।
9. एक समय में केवल एक प्रश्न दिखाई पडेगा।

10. प्रश्न का उत्तर देने के लिए उम्मीदवार को उस विकल्प पर 'माउस क्लिक' करना होगा, जिसे वह उचित/सही समझता है। **जिस विकल्प को क्लिक किया जाएगा, वह हाइलाइट हो जाएगा उसे उम्मीदवार द्वारा प्रश्न का दिया गया उत्तर समझा जाएगा।**

11. एक प्रश्न का उत्तर चुन लेने के बाद उम्मीदवार को अपने उत्तर को सेव करने और अगले प्रश्न पर जाने के लिए 'SAVE & NEXT' बटन पर क्लिक करना चाहिए। **ध्यान रहे, 'Save & Next' बटन पर क्लिक किए बिना प्रश्न के लिए चुना गया उत्तर सेव नहीं किया जाएगा।**

12. यदि उम्मीदवार किसी प्रश्न को हल नहीं करना चाहता है तो उसे उस प्रश्न के किसी विकल्प पर क्लिक नहीं करना चाहिए। उम्मीदवार प्रत्येक प्रश्न के सामने दिए गए **'CLEAR RESPONSE' button** पर क्लिक कर के किसी प्रश्न विशेष के अपने उत्तर को चाहे तो डिसिलेक्ट कर सकता है।

13. यदि कोई उम्मीदवार किसी प्रश्न विशेष को छोड़ना चाहता है और बाद में लेकिन अपनी परीक्षा सबमिट करने से फिर से हल करना चाहता है या उम्मीदवार किसी प्रश्न विशेष के उत्तर पर 'क्लिक' (चयन) करता है लेकिन बाद में उसकी समीक्षा करना चाहता है, तो वह उपलब्ध कराए गए कागज पर प्रश्न संख्या नोट कर सकता है।

    ऐसी स्थिति में उम्मीदवार **'MARK FOR REVIEW & NEXT'** बटन पर भी क्लिक कर सकता है। यदि किसी प्रश्न विशेष के लिए एक उत्तर चुना गया है जिसे **'MARK FOR REVIEW & NEXT'** के रूप में मार्क किया गया है, तो मार्क किया गया उत्तर अंतिम मूल्यांकन में शामिल किया जाएगा।

14. हल किए गए और छोड़ दिए गए प्रश्नों की संख्याएं भी स्क्रीन की दाईं ओर दिखाई जाएंगी। उम्मीदवार यदि उनमें से किसी प्रश्न को हल करना या संशोधित करना चाहे तो उस प्रश्न विशेष को देखने के लिए उस प्रश्न संख्या पर क्लिक कर सकता है।

15. स्क्रीन के दाहिने कोने पर प्रश्न पैलेट, प्रत्येक प्रश्न के लिए निम्न में से कोई एक स्थिति प्रकट करता है



**आप अभी तक प्रश्न पर नहीं गए हैं।**



**आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है।**



**आप प्रश्न का उत्तर दे चुके हैं।**



**आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है पर प्रश्न को पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है।**



**प्रश्न जिसका उत्तर दिया गया है और समीक्षा के लिए भी चिह्नित है, उसका मूल्यांकन किया जायेगा।**

पुनर्विचार के लिए चिह्नित (Marked for Review) स्थिति सामान्यतः अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है जिसे आपने प्रश्न को दोबारा देखने के लिए सेट किया है । *यदि आपने किसी प्रश्न के लिए उत्तर चुना है जिसे पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है, तब मूल्यांकन में उस उत्तर पर विचार किया जाएगा ।*

**16. जब तक परीक्षा का पूरा समय, ऑनलाइन प्रारंभिक परीक्षा के लिए 1 घंटा और ऑनलाइन मुख्य परीक्षा के लिए 160 मिनट, संपन्न न हो जाए, तब तक उम्मीदवार को अपने उत्तर को सबमिट करने की अनुमति नहीं होगी ।**

**17. उम्मीदवार स्क्रीन की दाईं ओर दिखाई गई प्रश्न संख्या पर क्लिक करके, प्रश्नावली के भीतर, प्रश्नों के बीच नेविगेट कर सकता है ।**

18. जब उम्मीदवार किसी प्रश्न पर क्लिक करेगा, तो उस प्रश्न को स्क्रीन पर दिखने में कुछ समय लगेगा। इस प्रक्रिया में लगने वाला समय परीक्षा के लिए दिए गए कुल समय में से काटा नहीं जाएगा।

**19. परीक्षा आरंभ होने के बाद किसी भी परीस्थिति में उम्मीदवार 'की बोर्ड की किसी भी कुंजी' पर क्लिक न करे क्योंकि इससे परीक्षा पर ताला लग जाएगा।**

**<u>उत्तर पत्र प्रस्तुत सबमिट करने के बारे में</u> :**

1. उम्मीदवारों को परीक्षा का पूरा समय सम्पन्न होने से पहले अपने उत्तर प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं है।

**2. उम्मीदवार अपने उत्तरों को केवल 'सब्मिट' बटन क्लिक करने से पहले ही बदल सकता है।**

3. परीक्षा अवधि समाप्त होने के बाद उम्मीदवार किसी भी प्रश्न को हल या चेक नहीं कर पाएंगे। उम्मीदवार के उत्तर कंप्यूटर सिस्टम द्वारा अपने आप सेव कर लिए जाएंगे भले ही उसने 'सब्मिट'बटन न दबाया हो।

# परीक्षा के लिए सामाजिक दूरी संबंधी अनुदेश

1. अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल पर बुलावा पत्र में उल्लिखित समयावधि के अनुसार ही रिपोर्ट करना है। देरी से आने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
2. परीक्षा स्थल पर अभ्यर्थियों को अनुमत सामग्री

   अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल पर केवल कुछ निश्चित सामान लाने की अनुमति होगी

   (क) मास्क **(मास्क पहनना अनिवार्य है)**

   (ख) दस्ताने

   (ग) पानी की अपनी पारदर्शी बोतल **(अभ्यर्थी अपनी पानी की बोतल लेकर आएँ)**

   (घ) अपना हैंड सैनिटाइजर (50 मिली)

   (ङ) एक सामान्य पेन, पेन्सिल, रबड और नीला इंक स्टैम्प पैड

   (च) परीक्षा संबंधी कागजात [प्रारंभिक परीक्षा का बुलावा पत्र जिसके साथ फोटो ID कार्ड की फोटोप्रति (अधिप्रमाणित/स्टैम्प्ड की गई) हो। मुख्य परीक्षा का बुलावा पत्र और फोटो ID कार्ड की फोटोप्रति स्टेपल हो और वही मूल ID कार्ड ।] ID कार्ड तथा बुलावा पत्र पर नाम बिलकुल एक जैसा होना चाहिए ।

   (छ) स्क्राइब वाले अभ्यर्थियों के मामले में विधिवत भरा व फोटोग्राफ लगाकर हस्ताक्षर किया हुआ स्क्राइब फार्म - परीक्षा स्थल के भीतर कोई अन्य सामग्री लाने की अनुमति नहीं है ।
3. अभ्यर्थी को अपने किसी भी निजी सामानसामग्री को किसी के साथ साझा नहीं करना चाहिए।/
4. अभ्यर्थी को एक दूसरे से सुरक्षित सामाजिक दूरी बनाकर रखनी चाहिए।
5. यदि अभ्यर्थी स्क्राइब की सुविधा का लाभ उठा रहा है तो स्क्राइब को भी अपने दस्ताने, N95 मास्क, सैनिटाइज़र (50 मिली) और पानी की पारदर्शी बोतल लानी चाहिए। मास्क पहनना अनिवार्य है ।

## आपको शुभकामनाएं!